आकाशवाणी शिमला

27.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री–जवाब

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने एलान किया कि प्रदेश में अपराध और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वे आज शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भाजपा द्वारा पुलिस व सम्बद्ध संगठनों पर लाए गए कटौती प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी प्रदेश की संपदा को लूटेगा तो सरकार उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने कर्तव्यनिष्ठा व सत्यनिष्ठा की शपथ ली है और कई बडे खुलासे आने वाले समय में होंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अगर विभिन्न तरह के माफिया में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, तभी प्रदेश में कानून व्यवस्था दुरूस्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधों पर पूरी तरह से नियंत्रण है और 2023 से 25 तक पूर्व सरकार से कहीं कम मामले दर्ज हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधों में तुलानत्मक 6 फीसदी की कमी आई है। कानून व्यवस्था की स्थिति को ठीक बताते हुए उन्होंने कटौती प्रस्ताव वापस लेने का आग्रह किया लेकिन इस पर भाजपा ने अपना विरोध दर्ज किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने वोट करवाया और सत्तापक्ष के समर्थन से कटौती प्रस्ताव गिर गया।

हंगामा

इससे पूर्व आज विधानसभा में प्रश्नकाल शुरू होने से पहले ही सदन में जोरदार हंगामा हुआ। विपक्ष के विधायक वेल में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे और मुख्यमंत्री द्वारा बजट भाषण के दौरान हिमकेयर योजना में 11 सौ करोड़ के घोटाले संबंधी आरोपों को बेबुनियाद व तथ्यों से विपरीत बताया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने 11 सौ करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपों पर पर सरकार से जवाब देने को कहा है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 11 सौ करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपों से इनकार किया और कहा कि वास्तविक अनियमितता करीब एक सौ 20 करोड़ रुपये की है।

एक्साइज डयूटी

केंद्र सरकार ने पैट्रोल व डीजल पर एक्साइज डयूटी कम करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार अब पैट्रोल पर एक्साइज डयूटी 13 रूपए से घटाकर शून्य कर दी गई है जबकि डीजल पर 10 से घटाकर 3 रूपए प्रति लीटर की गई है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है।

भाजपा

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पश्चिम एशिया में चल रही अस्थिर परिस्थितियों के बीच केन्द्र द्वारा पैट्रोलियम उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने के निर्णय को सराहनीय व दूरदर्शी बताया है। उन्होंने कहा कि डीजल व पैट्रोल की कीमतों में कमी से जनता को महंगाई से राहत मिलेगी और अर्थव्यवस्था स्थिर होगी। जयराम ठाकुर ने हिमाचल सरकार द्वारा डीजल पर सैस लगाकर कीमतें बढ़ाने के प्रयास को दुर्भाग्यपूर्ण और जनविरोधी बताया है। इस बीच पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने केन्द्र द्वारा पैट्रोल व डीजल पर एक्साइज डयूटी में की गई कटौती का स्वागत करते हुए इसे जनहित में लिया गया सराहनीय निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार जहां जनता को राहत देने का काम कर रही है वहीं कांग्रेस शासित राज्यों में आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।

नशा मुक्त चंबा

केंद्र सरकार ने युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचाने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान चलाया है। चंबा जिला प्रशासन ने भी इस अभियान में सहयोग के रूप में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों की रोकथाम को लेकर प्रभावी कदम उठाए हैं।

——————————————